# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)


पत्रांक – केयू/प0नि0/गोपनीय/2024/759 दिनांक– 24–06–2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालय/संस्थान,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत स्नातक वार्षिक पद्धति (बी0काम0, बी0एस0सी0 तथा बी0ए0) के अन्तिम वर्ष का परीक्षाफल घोषित किया जा चुका है। तदक्रम में स्नातक वार्षिक पद्धति के अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों को उनके द्वारा पूरित परीक्षा आवेदन पत्र के अनुरूप उपाधि निर्गत की जानी है।

उक्त व्यवस्था को सुचारू किये जाने हेतु व्यापक छात्रहित में विश्वविद्यालय द्वारा सन्दर्भित अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु पोर्टल पर परीक्षाफल प्राप्त करने से पूर्व नाम, पता इत्यादि अद्यतन करते हुए उपाधि शुल्क जमा किया जाना है। तदोपरान्त ही परीक्षाफल आनलाईन देखा जा सकेगा अथवा अंकतालिका की मूल प्रति निर्गत की जा सकेगी।

उपरोक्तानुसार स्नातक वार्षिक पद्धति के अन्तर्गत बी0काम0, बी0एस0सी0 तथा बी0ए0 अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करेंगे।

भवदीय

परीक्षा नियत्रंक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, उच्च शिक्षा, गौलापार हल्द्वानी।
2. वित्त नियंत्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
3. कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
4. उप कुलसचिव, लेखा अनुभाग, कु0वि0वि0 नैनीताल।
5. सहायक कुलसचिव/मु0प्रशा0अधिकारी, परीक्षा/उपाधि, कु0वि0वि0 नैनीताल।
6. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, गोपनीय, कु0वि0वि0 नैनीताल।
7. वैबसाईट प्रभारी, कु0वि0वि0 नैनीताल।
8. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियत्रंक